2026

HINDI

(Major)

Paper Code : HIN4200204MJ

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) हिन्दी साहित्य के आदिकाल का नाम वीरगाथाकाल किसने रखा है?

(ख) कबीरदास के गुरु का नाम क्या है?

(ग) 'पृथ्वीराज रासो' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) नाथ साहित्य के प्रतिष्ठाता कौन हैं?

(ङ) 'रामचरित मानस' की भाषा क्या है?

(च) रीतिसिद्ध कवि किसे कहा जाता हैं?

(छ) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित महाकाव्य का नाम क्या है?

(ज) हिन्दी साहित्य के एक प्रमुख छायावादी कवि का नाम लिखिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon : Assam

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) जैन साहित्य के अन्तर्गत आनेवाली दो कृतियों के नाम लिखिए।

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल और डॉ॰ रामकुमार वर्मा ने 'आदिकाल' के लिए क्या-क्या अलग-अलग नाम सुझाया है?

(ग) तुलसीदास द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(घ) सूरदासजी की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) कबीरदास के काव्य संग्रह का नाम क्या है और उनके क्या-क्या भाग हैं?

(च) 'अष्टछाप' के किन्हीं दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(छ) रासो साहित्य की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) 'रीति' शब्द का तात्पर्य लिखिए।

(झ) बिहारी द्वारा रचित ग्रन्थ का नाम लिखिए। यह किस भाषा में लिखी गई है?

(ञ) 'नई कविता' के किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) नाथ साहित्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Assam

(ख) सूरदास के वात्सल्य वर्णन पर विचार कीजिए।

(ग) रासो साहित्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

(घ) रीतिमुक्त काव्यधारा की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) बिहारी की किन्हीं पाँच काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) कवि जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक मूल्यांकन कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) आदिकाल के सीमांकन और नामकरण पर विचार कीजिए।

(ख) भक्तिकाल की प्रमुख परिस्थितियों पर विचार कीजिए।

(ग) रीतिकाल की प्रमुख काव्यधाराओं पर विचार कीजिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं पर विचार कीजिए।

★★★